Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP,
Ludhiana, Shimla,
Bihar, Jammu, Jaipur
Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper
Published from SAS Nagar (Mohali)

Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779

herbegy
Think pure think herbal
CTC TEA
Kadak Taste. Rich Aroma.
Premium CTC Blend
For Dealer Inquiry Contact:
☎ 727-515-0015

Fri- 31 Jul - 2026 | Year - 01 | Issue - 116 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

पंजाब में लेड युक्त पेंट पर सख्ती, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जारी किए नए दिशा-निर्देश

चंडीगढ़, 31 जुलाई: पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने घरेलू और सजावटी पेंटों में लेड की मात्रा को निर्धारित सीमा के भीतर सुनिश्चित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि सहमति (कंसेंट) प्रक्रिया में लेड सामग्री के अनुपालन से संबंधित शर्तों को तत्काल प्रभाव से शामिल किया जाए।

बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, पेंट निर्माताओं को यह प्रमाणित करना होगा कि उनके उत्पादों में लेड की मात्रा 90 पीपीएम से अधिक नहीं है। इसके लिए मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से परीक्षण प्रमाणपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा और इनकी प्रतियां डीलरों तथा खुदरा विक्रेताओं को भी उपलब्ध करानी होंगी, ताकि नियामक एजेंसियां आवश्यकता पड़ने पर सत्यापन कर सकें।

शहीद ऊधम सिंह के सपनों का पंजाब बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री भगवंत मान

सुनाम ऊधम सिंह वाला, 31 जुलाई: पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शहीद ऊधम सिंह के 87वें शहीदी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी सरकार महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत और पंजाब बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह ने जलियांवाला बाग नरसंहार के दोषी माइकल ओ'डायर को लंदन के कैक्सटन हॉल में दंडित कर भारतीयों के आत्मसम्मान और न्याय की लड़ाई को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण न्योछावर किए, ताकि समानता और न्याय पर आधारित समाज की स्थापना हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह का जीवन युवाओं के लिए साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है।

वंडरलैंड चंडीगढ़ कार्निवाल का आगाज़, सेक्टर-34 में 24 अगस्त तक रहेगा मनोरंजन और खरीदारी का संगम

चंडीगढ़, 31 जुलाई 2026: त्योहारों के मौसम की शुरुआत के साथ ही शहरवासियों के लिए मनोरंजन, खरीदारी और स्वादिष्ट व्यंजनों का अनूठा संगम लेकर वंडरलैंड चंडीगढ़ कार्निवाल का शुभारंभ सेक्टर-34 स्थित बीओटी ग्राउंड में हो गया। गुरु जी इवेंट्स द्वारा आयोजित यह कार्निवाल 31 जुलाई से 24 अगस्त 2026 तक चलेगा, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

कार्निवाल का मुख्य आकर्षण इसका भव्य और आकर्षक प्रवेश द्वार है, जो प्रवेश करते ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। बच्चों और युवाओं के लिए यहां कई रोमांचक झूले लगाए गए हैं, जिनमें जायंट व्हील, कोलंबस बोट, कैटरपिलर, ब्रेक डांस, डायना कार्टर, चांद तारा और बोटिंग प्रमुख हैं। इसके अलावा बच्चों के लिए खेल-खिलौनों की विशेष व्यवस्था भी की गई है, जिससे परिवारों को एक ही स्थान पर भरपूर मनोरंजन मिल सके।

गुरु जी इवेंट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव शर्मा ने बताया कि अगस्त माह में रक्षाबंधन सहित कई प्रमुख त्योहार आते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्निवाल का आयोजन किया गया है, ताकि लोग परिवार के साथ मनोरंजन के साथ-साथ खरीदारी का भी आनंद उठा सकें। उन्होंने कहा कि कार्निवाल का उद्देश्य शहरवासियों को एक सुरक्षित, मनोरंजक और पारिवारिक माहौल उपलब्ध कराना है।

कार्निवाल में महिलाओं और परिवारों की खरीदारी को ध्यान में रखते हुए 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें होम डेकोर, फर्नीचर, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाइफस्टाइल उत्पाद और विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल शामिल हैं। फूड कोर्ट में स्थानीय और विभिन्न राज्यों के लोकप्रिय व्यंजनों का स्वाद भी लोग ले सकेंगे।

सेल्फी प्रेमियों के लिए भी विशेष आकर्षण तैयार किए गए हैं। यहां डायनासोर, स्पाइडरमैन, डायनासोर एग्स, जोकर और अन्य लोकप्रिय कैरेक्टरों के कट-आउट लगाए गए हैं, जहां बच्चे और युवा यादगार तस्वीरें खिंचवा रहे हैं।

आयोजकों ने बताया कि कार्निवाल में आने वाले लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पूरे परिसर में निजी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है तथा निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन यंत्रों सहित आवश्यक सुरक्षा प्रबंध भी किए गए हैं।

मनोरंजन, खरीदारी, स्वादिष्ट व्यंजन और पारिवारिक माहौल का अनूठा संगम बना वंडरलैंड चंडीगढ़ कार्निवाल आगामी 24 अगस्त तक शहरवासियों और आसपास के क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहेगा।

पंजाब पुलिस ने अंतरराज्यीय नकल गिरोह का किया भंडाफोड़, शिक्षा मंत्री बोले- पेपर लीक नहीं, तकनीक आधारित नकल का मामला

चंडीगढ़, 31 जुलाई: पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने दावा किया है कि पंजाब पुलिस ने बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (बीएफयूएचएस), फरीदकोट की फार्मेसी भर्ती परीक्षा में सक्रिय एक अंतरराज्यीय हाईटेक नकल गिरोह का भंडाफोड़ किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला किसी भी तरह से पेपर लीक का नहीं है, बल्कि अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए परीक्षा में नकल कराने वाले संगठित नेटवर्क का है। उन्होंने कहा कि जांच में इस गिरोह का मास्टरमाइंड हरियाणा के भिवानी का निवासी पाया गया है और इस कार्रवाई से उन आरोपों का खंडन हुआ है जिनमें पंजाब की परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे थे।

पेडा कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रेस वार्ता में हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि पंजाब सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, योग्यता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में लंबे समय से सक्रिय नकल गिरोहों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण यह नेटवर्क पंजाब तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में नकल और भ्रष्टाचार के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाई है तथा किसी भी कीमत पर विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पंजाब ने पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में राज्य के 361 विद्यार्थियों ने जेईई (मेन) तथा 64 विद्यार्थियों ने जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं नीट परीक्षा में सफल विद्यार्थियों की संख्या वर्ष 2024 के 437 से बढ़कर वर्ष 2026 में 882 हो गई है, जो दो वर्षों में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में परीक्षा प्रणाली को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग की संभावनाओं पर भी काम कर रही है।

इस अवसर पर आईजीपी नीलांबरी जगदले ने मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस को 19 जुलाई को विशेष खुफिया सूचना मिली थी कि बीएफयूएचएस की फार्मेसी परीक्षा के दौरान एक अंतरराज्यीय गिरोह अत्याधुनिक वायरलेस और ब्लूटूथ उपकरणों की मदद से अभ्यर्थियों को नकल कराने की तैयारी कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने फरीदकोट के सोसायटी नगर स्थित एक मकान पर छापेमारी की, जहां एक अस्थायी कंट्रोल रूम बनाया गया था। यहां से वायरलेस ट्रांसमीटर, संशोधित मोबाइल फोन और उत्तर बताने के लिए मौजूद हैंडलरों को गिरफ्तार किया गया।

आईजीपी ने बताया कि गिरोह का तरीका बेहद सुनियोजित था। परीक्षा शुरू होते ही एक अभ्यर्थी गुप्त कैमरे की सहायता से प्रश्नपत्र की तस्वीरें लेकर भिवानी स्थित हैंडलर को भेजता था। वहां प्रश्न हल करने के बाद उत्तर फरीदकोट स्थित कंट्रोल रूम में भेजे जाते थे, जहां मौजूद हैंडलर वायरलेस ईयरपीस के माध्यम से परीक्षा केंद्र के अंदर बैठे अभ्यर्थियों तक उत्तर पहुंचाते थे। पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर इस पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दिया।

पुलिस के अनुसार अब तक 10 हैंडलरों और अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वाले 25 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि कुल 13 हैंडलरों की पहचान हुई है। कार्रवाई के दौरान 38 संशोधित 'केचौडा के-33' मोबाइल फोन, 21 छिपे हुए वायरलेस ईयरपीस और दो वाहन बरामद किए गए हैं।

वैट बकाया वसूली में पंजाब सरकार की बड़ी कार्रवाई, संपत्ति नीलामी से ₹1.21 करोड़ वसूल; 31 जुलाई तक ओटीएस योजना का लाभ उठाने की अपील

चंडीगढ़, 29 जुलाई 2026:पंजाब सरकार ने वैल्यू एडेड टैक्स (वैट) के लंबित बकायों की वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाते हुए पटियाला जिले में संपत्तियों की नीलामी के माध्यम से बड़ी सफलता हासिल की है। राज्य के वित्त, आबकारी एवं कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि विभाग ने हाल ही में संपत्ति नीलामी के जरिए 1.21 करोड़ रुपये की वसूली की है, जबकि एक अन्य मामले में एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना के तहत 18.46 लाख रुपये तत्काल जमा करवाए गए। उन्होंने सभी पात्र बकायेदार डीलरों से 31 जुलाई 2026 से पहले ओटीएस योजना का लाभ उठाकर अपने पुराने कर बकायों का निपटारा करने की अपील की है।

हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य व्यापारियों को स्वेच्छा से बकाया चुकाने का अवसर देना है, लेकिन निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 जुलाई के बाद ओटीएस योजना समाप्त हो जाएगी और जिन डीलरों ने अपने बकाए का भुगतान नहीं किया, उनके खिलाफ संपत्ति कुर्की, सार्वजनिक नीलामी और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वित्त मंत्री ने बताया कि पटियाला जिले के मैसर्स गुरुजी फीड्स, राजपुरा पर 57.78 लाख रुपये का वैट बकाया था। विभाग ने उसकी संपत्ति की नीलामी 27 जुलाई 2026 को निर्धारित की थी। नीलामी प्रक्रिया शुरू होते ही संबंधित डीलर ने ओटीएस योजना के तहत राहत का लाभ उठाते हुए 18.46 लाख रुपये जमा कर अपने मामले का निपटारा कर लिया। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण दर्शाता है कि सरकार द्वारा लाई गई ओटीएस योजना पात्र व्यापारियों को बकाया निपटाने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है और समय रहते इसका लाभ उठाकर वे अपनी संपत्ति की कुर्की और जबरन बिक्री जैसी कार्रवाई से बच सकते हैं।

एक अन्य महत्वपूर्ण कार्रवाई का उल्लेख करते हुए हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि कर विभाग ने मैसर्स समाना रोलर फ्लोर मिल लिमिटेड की संपत्ति की सफलतापूर्वक नीलामी कर 1.21 करोड़ रुपये की वसूली की। यह राशि संपत्ति की 74.31 लाख रुपये की आरक्षित कीमत से लगभग 46.69 लाख रुपये अधिक रही।

SQUARENET
Innovation & Excellence
Advertisement
Zoho Mail
Google Workspace
Microsoft 365
Microsoft Solutions Partner
Google Cloud Partner
aws partner network
Are you looking for a reliable
EMAIL SERVICE PROVIDER?
Choose the best suitable plan for your business from SquareNet
Secure & Reliable
Professional Email
Cloud Integration
24/7 Expert Support
Scalable for Every Business
Empower Your Business with Secure, Professional & Scalable Email Solutions
SQUARENET INDIA PRIVATE LIMITED
C-6, Sebiz Square, IT Park, Sector 67,
Mohali 160062, Punjab India
www.squarenetindia.com
mail@squarenetsolutions.com
+91-904-101-2541
[PRI LINE]

herbegy™

Think pure think herbal

PREMIUM SPICES RANGE

Pure Spice. Rich Flavour.

herbegy
Think pure think herbal
हल्दी पाउडर
TURMERIC POWDER
धनिया पाउडर
CORIANDER POWDER
मिर्च पाउडर
CHILLI POWDER
मीट मसाला पाउडर
MEAT MASALA
गरम मसाला पाउडर
GARAM MASALA POWDER
चिकन मसाला पाउडर
CHICKEN MASALA
An ISO 9001-2015 Certified Company
Pure Spice. Rich Flavour.
Premium Quality
fssai
Keep your city Clean & Green
MADE IN INDIA
Net Weight:
100g

PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

☎ 727-515-0015

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.